**बस्ती में नकली नोट तस्करों का भंडाफोड़, गैंग के 4 लोग गिरफ्तार, 15 लाख के फेक नोट बरामद**




बस्ती जनपद में नकली नोटो का कारोबार करने वाले गैंग का खुलासा हुआ है, जिसमें चार तस्कर गिरफ्तार हुए है, इस गैंग का तार अयोध्या से लेकर गोंडा और पूर्वांचल के कई जिले में फैला हुआ था. ये गैंग ज्यादातर महिलाओं और बुजुर्गों को अपना निशाना बनाता था, नोटो को डबल और ट्रिपल करने का लालच देकर इस गैंग ने पूरा नेटवर्क फैला रखा था जो अब बस्ती पुलिस को सक्रियता की वजह से सलाखों के पीछे पहुंच गया है.

जाली नोटों के रैकेट का पर्दाफाश

बस्ती पुलिस ने जाली नोटों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश करते हुए चार अंतर-जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. इन अभियुक्तों के पास से 15 लाख रुपये मूल्य के फर्जी नोट बरामद किए गए हैं. यह बड़ी कार्रवाई छावनी थाना क्षेत्र स्थित मछली मंडी विक्रमजोत से की गई है. गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों का जाल केवल बस्ती तक सीमित नहीं था, इनमें दो अभियुक्त संतकबीरनगर, एक गोंडा और एक बस्ती जनपद का निवासी है. यानी यह एक संगठित अंतर-जनपदीय गिरोह था.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/basti-police-raid-on-fake-cash-smuggler-four-accused-arrested-with-15lakhs-fake-currency-ann-3020817